# विषय हिन्दी (कलरव)

# कक्षा–4

# संक्षिप्त प्रश्नोत्तरी

**संकलनकर्ता**
**अजय सिंह**
**(सहायक अध्यापक)**
**प्रा0वि0 गणेशपुर**
**सिधौली, सीतापुर (उ0प्र0)**

| कक्षा–1 हे जग के स्वामी | | |
|---|---|---|
| क0 सं0 | प्रश्न | उत्तर |
| 1 | 'हे जग के स्वामी' पाठ के रचयिता कौन है? | सोहन लाल द्विवेदी |
| 2 | कवि सोहन लाल द्विवेदी का जन्म कहां हुआ? | फतेहपुर जिले के बिंदकी नामक कस्बे में। |
| 3 | कवि सोहन लाल द्विवेदी की प्रसिद्ध बाल गीत संग्रह कौन से है? | 'दूध बतासा' तथा शिशु भारती |
| 4 | 'धवल' का क्या अर्थ है? | श्वेत या सफेद |
| 5 | 'जल' के चार पर्यायवाची शब्द बताइये। | पानी, नीर, वारि, अंबु |
| 6 | 'सूर्य' के चार पर्यायवाची शब्द बताइये। | रवि, भास्कर, दिनकर, भानु |
| 7 | जल–थल और जब–सब, तेरा–मेरा जैसे समान ध्वनि वाले शब्दों को क्या कहते हैं? | तुकांत शब्द |
| 8 | चमक के तीन तुकांत शब्द बताइये। | नमक, दमक, धमक |
| 9 | 'श्रंगार' का क्या अर्थ है? | सजावट |
| 10 | 'कीर्ति' का क्या अर्थ है? | यश |
| पाठ–2 प्यासी मैना | | |
| 1 | मैना कहां रहती थी? | नीम के खोखल में |
| 2 | नीम का पेड कहां था? | बगीचे में |
| 3 | नल कहां था? | बगीचे में |
| 4 | जब प्यासी मैना को नल के पास पानी नहीं मिला तो वह कहां गयी? | आम के पेड़ पर |
| 5 | आम के पेड़ पर प्यासी मैना को कौन मिला? | तोता |
| 6 | मैना और तोता उड़कर कहां पहुचे? | जामुन के पेड़ पर |
| 7 | जामुन के पेड़ के नीचे घड़ा खाली या पानी से भरा? | खाली था |
| 8 | मैना और तोते ने जामुन के पेड़ पर किसे देखा? | एक कबूतर को |
| 9 | भाई पीने के लिए पानी कहां मिलेगा? किसने किससे पूंछा? | मैना ने कबूतर से पूंछा |
| 10 | वह लाल ईंटों वाला मकान है न उसके आंगन में रोज़ एक आदमी कपडे धोता है। फर्श की दरारों में पानी जमा हो जाता है, चलो वहां चल कर पीते हैं। किसने कहा? | कबूतर नें कहा |
| 11 | मैना, तोत और कबूतर तीनो साथ–साथ उड़ते हुए लाल ईंटों वाले मकान के आंगन में पहुंचे तो क्या देखा? | फर्श की दरारों में जमा पानी भी सूख गया। |
| 12 | मैना, तोता और कबूतर अब उड़कर कहां गये? | पीपल के पेड़ पर |
| 13 | पीपल के पेड़ पर कौन मिला? | बहुत सारी गौरैया |
| 14 | हम सभी अभी–अभी नहाकर आये हैं किसने कहां? | गौरैया ने |
| 15 | गौरैया के नहाने की बात पर किसे अचरज हुआ? | मैना को |
| 16 | गौरैया तीनों को तोता, मैना, कबूतर को लेकर एक मकान के आंगन में पहुंची वहां पौधों की छाया में क्या था? | मिट्टी का कुंडा |
| 17 | अरे देखो! उस कुंडे में पानी है वहां हुद हुद पानी पी रहा है– किसने कहा? | तोता ने |
| 18 | अरे वाह! वहाँ से एक गिलहरी भी है। यह किसने कहा? | कबूतर ने |
| 19 | कुंडे को किसने रखा था? | एक छोटी सी लड़की ने |
| 20 | मैना, तोता, कबूतर तीनों उड़कर कुंडे के किनारे जा बैठे और फिर क्या किया? | जी भर कर पानी पिया। |

| | | |
|---|---|---|
| 21 | पक्षी के तीन पर्यायवाची शब्द लिखो। | खग, चिड़िया, विहग |
| 22 | फूल के तीन पर्यायवाची शब्द लिखो। | पुष्प, सुमन, कुसुम |
| 23 | संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को क्या कहते हैं? | विशेषण |
| 24 | कौन सा अधिनियम जंगली जानवरों, पक्षियों और पौधों को संरक्षण प्रदान करता है? | भारतीय वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 |
| 25 | भारत के बर्डमैन के नाम से कौन विख्यात है? | सलीम मुइनुद्दीन अली |
| | पाठ–3 जब मैं पढ़ता था | |
| 1 | महात्मा गांधी जी के पिता जी का क्या नाम था। | करम चंद गांधी |
| 2 | करम चंद गांधी कहां के दीवान थे? | राजकोट के |
| 3 | महात्मा गांधी की माता जी का स्वभाव कैसा था? | बहुत अच्छा था, धार्मिक विचारों की महिला थी। |
| 4 | महात्मा गांधी का जन्म कब हुआ? | 2 अक्टूबर 1869 |
| 5 | महात्मा गांधी का जन्म कहां हुआ? | पोरबंदर में |
| 6 | महात्मा गांधी जी के पिता जब पोरबंदर से राजकोट गये तब गांधी जी की उम्र कितनी थी? | |
| 7 | गांधी जी ने पिता जी द्वारा लागयी गयी कौन सी किताब को बड़े शौक से पढ़ा? | श्रवण पितृ भक्ति |
| 8 | बाई स्कोप में अंधे माता–पिता को बहंगी पर बैठाकर ले जाने वाले किस व्यक्ति का चित्र गांधी जी ने देखा? | श्रवण कुमार |
| 9 | गांधी जी ने मन ही मन किसकी तरह बनने को तय किया? | श्रवण कुमार |
| 10 | गांधी जी ने कौन सा नाटक देखा जिसे बार–बार देखने की इच्छा होती? | 'सत्य हरिश्चन्द्र' |
| 11 | सैर करने की आदत से गांधी जी के शरीर पर क्या प्रभाव पड़ा? | शरीर मजबूत हो गया |
| 12 | खुली हवा में घूमना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है यह जानकारी गांधी जी को कहां से मिली? | पुस्तकों में पढ़ने से |
| 13 | पढाई में अक्षर अच्छे होने की जरूरत नहीं यह गलत विचार गांधी जी के मन में कब तक रहा? | इंग्लैण्ड जाने तक |
| 14 | सुलेख शिक्षा का एक जरूरी अंग है इसके लिए क्या सीखना चाहिए? | चित्रकला |
| 15 | गांधी जी को पहली बार किस कक्षा में दण्ड मिला? | पहली या दूसरी कक्षा में |
| 16 | दूसरी बार गांधी जी को दण्ड किस कक्षा मं मिला | सातवीं कक्षा में |
| 17 | हेडमास्टर के द्वारा व्यायाम और क्रिकेट अनिवार्य करने पर भी गांधी जी खेलने क्यों नहीं गये? | संकोची स्वभाव के कारण |
| 18 | व्यायाम में अरूचि का दूसरा कारण क्या था? | पिता जी की सेवा करने की तीव्र इच्छा। |
| 19 | एक दिन बादलों से धोखा खाने के कारण व घड़ी न होने के कारण जब गांधी जी व्यायाम की कक्षा में देर से पहुंचे तो उन्हें क्या दण्ड दिया गया | एक या दो आना |
| 20 | सच बोलने वाले को और क्या करना चाहिए। | असावधान भी नहीं रहना चाहिए। |
| 21 | गांधी जी का पूरा नाम क्या था? | मोहनदास करमचंद गांधी |
| 22 | 'गांधी जी' को और किस नाम से पुकारा जाता है? | बापू और राष्ट्रपिता |

| | | |
|---|---|---|
| 23 | शब्दों के बार जो अक्षर या अक्षर समूह लगाया जाता है उसे क्या कहते हैं। | प्रत्यय |
| 24 | मास में 'इक' प्रत्यय लगाने से कौन सा शब्द बनेगा? | मासिक |
| 25 | किसी शब्द के पूर्व में जुड़ने वाले शब्दांश को क्या कहते है। | उपसर्ग |
| 26 | 'मान' में 'अप' उपसर्ग जुड़ने पर नया शब्द क्या बनेगा? | अपमान |
| 27 | 'जिसे सत्य प्यारा हो एक शब्द में क्या कहेंगे? | सत्यप्रिय |
| 28 | जो पिता का भक्त हो। | पितृभक्त |
| 29 | सत्य के लिए आग्रह। | सत्याग्रह |
| 30 | जो सत्य बोलता हो। | सत्यवादी |
| | पाठ–4 बोलने वाली गुफा | |
| 1 | एक खूंखार शेर कहां रहता था? | सुन्दर वन में |
| 2 | जंगल के जानवर किसकी दहाड़ सुनते ही अपने प्राण बचाने के लिए इधर–उधर छिप जाते थे? | शेर की |
| 3 | शेर शिकार की खोज में अपनी गुफा से बहुत दूर निकल आया तो देखा कि सामने एक बड़ी सी गुफा है फिर उस गुफा के अन्दर गया तो कौन मिला? | कोई नहीं था |
| 4 | गुफा के अंदर कोई जानवर न मिलने पर शेर ने क्या किया? | चुप चाप लेट गया और उसमें रहने वाले जानवर का इंतजार करने लगा। |
| 5 | जिस गुफा में शेर घुसा था वह किसकी गुफा थी? | लोमड़ी की थी |
| 6 | लोमड़ी को कैसे आभास हुआ कि उसकी गुफा में शेर बैठा है? | शेर के पैरों के निशान से |
| 7 | उसे पूर्ण विश्वास कैसे हुआ कि शेर अभी तक गुफा के अंदर ही है? | क्योंकि लोमड़ी ने बहुत छान बीन की लेकिन उसे शेर के गुफा से बाहर आने के निशान न मिल सके। |
| 8 | कहिए गुफा जी। सब ठीक–ठाक तो है ना क्या मैं रात बिताने के लिए आपके भीतर आ सकती हूँ? किसने कहा | लोमड़ी ने |
| 9 | लोमड़ी के प्रश्न का शेर ने क्या उत्तर दिया? | शेर चुप रहा और लोमड़ी के आने की प्रतीक्षा करने लगा। |
| 10 | लोमड़ी ले फिर कहा 'गुफा' जब तक आप मुझे अंदर आने के लिए न कहोगी तब तक मैं भीतर नहीं आऊँगी? इसका शेर पर क्या प्रभाव पड़ा? | शेर असमंजस में पड़ गया। |
| 11 | मेरी प्यारी गुफा आज भीतर अवश्य ही कोई खूंखार जानवर बैठा है जिससे आप मुझसे बात नहीं कर रही हो अच्छा अब मै ंचलती हूं। किसने कहा | लोमड़ी नें |
| 12 | अरे रूको प्यारी लोमड़ी। मैं गहरी नींद में सो रही थी इसलिए बात न कर सकी अंदर सब ठीक है। आ जाओ। किसने किससे कहा? | शेर ने लोमड़ी से कहा |
| 13 | गुफा के अंदर से आने वाली आवाज से लोमडी को क्या पता चला? | यह पता चला कि शेर अभी तक गुफा के भीतर ही है। |
| 14 | जैसे एक शेर कभी घास नहीं खाता उसी तरह गुफा कभी बोल नहीं सकती हुजूर। आप आराम से रात भर मेरी गुफा में रहें। शुभ रात्रि। किसने किससे कहा | लोमड़ी ने शेर से कहा। |

| | | |
|---|---|---|
| 15 | अन्त में लोमडी ने क्या किया? | लोमड़ी भाग निकली। |
| 16 | पर्यायवाची शब्द को और क्या कहते हैं। | समानार्थी शब्द |
| 17 | चंद्रमा का समानार्थी शब्द बताइये। | शशि |
| 18 | धरती का समानार्थी शब्द बताइये। | पृथ्वी |
| 19 | वन का समानार्थी शब्द बताइये। | कानन |
| 20 | तलाश का समानार्थी शब्द बताइये। | खोज |
| 21 | किन कहानियों में मनुष्य व पशु पक्षियों के आचरण को आधार बनाकर अनेक प्रकार की शिक्षाएं दी जाती है। | ईशप की कहानियां |
| | पाठ–5 कहां रहेगी चिड़िया? | |
| 1 | 'कहां रहेगी चिड़िया' पाठ की कवियत्री कौन है? | महादेवी वर्मा |
| 2 | महादेवी वर्मा का जन्म कहां हुआ था? | फर्रूखा बाद में |
| 3 | महादेवी वर्मा का जन्म कब हुआ था? | सन् 1907 ई0 में |
| 4 | नीहार, रश्मि, नीरजा, सांध्य गीत दीपशिखा, पथ के साथी, श्रंखला की कडियां किसकी प्रमुख कृतियां है? | महादेवी वर्मा की |
| 5 | महादेवी वर्मा का निधन कब हुआ? | सन् 1987 ई0 में |
| 6 | जोर शोर से आंधी आने पर क्या हुआ? | डालें टूट गयी। |
| 7 | डालें टूटने पर क्या हुआ? | घोसला उड़ गया, अंडे फूट गये। |
| 8 | घोसला उड़ने से चिड़िया को क्या समस्या हो गयी? | चिड़िया को रहने की समस्या उत्पन्न हो गयी। |
| 9 | चिड़िया को रहने के लिए कहां बुलाया गया? | आलमारी में |
| 10 | क्या चिडिया रहने के लिए आलमारी में गई? | नहीं |
| | पाठ–6 हां में हां | |
| 1 | मंत्री जी सोचता हूँ हम लोग गंगा–स्नान कर आएं। किसने किससे कहा? | राजा ने मंत्री से कहा |
| 2 | राजा के गंगा स्नान की बात कहने पर मंत्री ने क्या कहा? | बहुत शुभविचार है महाराज |
| 3 | राजा बोले–मंत्री जी हाथी कैसा रहेगा? तो मंत्री जी क्या कहा? | ''उत्तम महाराज'' हांथी जैसी सवारी, वाह क्या कहना |
| 4 | राजा ने कहा गंगा जी तो बहुत दूर है हाथी से तो महीनों में पहुंच पायेंगे तो मंत्री ने क्या कहा? | सो तो है महाराज। हाथी से ज्यादा सुस्त जानवर दूसरा नहीं। |
| 5 | राजा ने कहा ऊँट कैसी सवारी रहेगी। मंत्री ने क्या जवाब दिया? | ऊँट ठीक है महाराज उत्तम सवारी है। |
| 6 | राजा ने कहा–मेरी समझ में घोड़ी ठीक रहेगा? तो मंत्री ने क्या कहा? | हां महाराज! घोड़ा बिल्कुल ठीक है। |
| 7 | राजा ने कहा पर एक बात है, घोडे पर घंटों बैठना कठिन है। कायदे से बैठना पड़ता है। | सो तो है ही महाराज! काठी और काठ को एक समान समझिए। |
| 8 | राजा ने पूंछा–''मंत्री जी, पालकी कैसी–रहेगी? मंत्री ने क्या कहा? | पालकी ही तो राजा की सवारी है। |
| 9 | राजा बोले–परंतु पालकी में बैठकर गंगा जी में स्नान के लिए जाने की बात कुछ जंचती नहीं। लोग हंसेंगे तो नहीं? | हंसने की बात तो है ही महाराज। |

| | | |
|---|---|---|
| 10 | अंत में राजा ने कहा तो फिर मंत्री जी गंगा स्नान के लिए जाने की बात रहने ही दें। इस पर मंत्री ने क्या कहा? | उत्तम विचार है महाराज। कहा भी गया है मन चंगा तो कठौती में गंगा। |
| 11 | क्या झूठ–मूठ में हां में हां मिलाना चाहिए? | बिल्कुल नहीं। |
| | पाठ–7 मलेथा की गूल | |
| 1 | मध्य गढ़वाल की घाटियों में गांव का नाम क्या है। | मलेथा |
| 2 | मलेथा गांव के उत्साही युवक का क्या नाम था? | माधौ सिंह |
| 3 | मलेथा गांव के दोनों ओर नदियां होने पर भी सिंचाई का कोई साधन नहीं था? | क्योंकि नदियों और गांव के बीच पहाड़ खड़े थे। |
| 4 | माधवो सिंह किस तरह से पानी अपने गांव में लाने की सोंच रहा था? | पहाड़ी की तलहटी में सुरंग बनाकर। |
| 5 | माधो सिंह के संकल्प में पत्नी ने क्या कहा? | मैं इस महान कार्य में आपके साथ हूँ। |
| 6 | जब तक मेरे शरीर में रक्त की एक भी बूंद रहेगी, मैं अपने गांव मलेथा तक गूल निकाल कर पानी लाने का प्रयास करूंगा यह प्रतिज्ञा किसने की? | माधो सिंह नें |
| 7 | माधो सिंह ने कितने दिन में काफी गहरी सुरंग खोद ली। | हफ्ते–डेढ हफ्ते में |
| 8 | माधो सिंह के साहस और धैर्य को देखकर कौन व्यक्ति इस कार्य में जुट गये। | गांव के अन्य व्यक्ति |
| 9 | मलेथा और गांव के व्यक्तियों ने दिन रात एक करके कठोर पहाड को छेद कर गूल निर्माण का कार्य पूरा कर दिखाया जिससे मलेथा की प्यासी धरती पर क्या हुआ। | पानी बहने लगा। |
| 10 | आज भी मलेथा के शाक सब्जियों से भरे खेत किसके असीम धैर्य और कठोर श्रम की गवाही दे रहे हैं? | माधो सिंह के |
| 11 | गेह लौर गांव कहा हां? | बिहार राज्य के गया जिले में। |
| 12 | गेहलौर गांव के एक व्यक्ति ने भी पर्वत काटकर अपने गांव के लिए रास्ता बनाया है उस व्यक्ति का क्या नाम है? | दशरथ मांझी |
| 13 | दशरथ मांझी ने जो रास्ता बनाया उसका रास्ते का क्या नाम है? | 'दशरथ मांझी पथ' |
| 14 | दुष्कर का क्या अर्थ है? | बहुत कठिन |
| 15 | पवन के दो पर्यायवाची शब्द लिखें | हवा, मारूत |
| 16 | घर के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। | गृह, सदन |
| 17 | कमल के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। | जलन, नीरज |
| 18 | श्रंखला का क्या अर्थ है। | कतार |
| | पाठ–8 टोकरी में क्या है | |
| 1 | अदिति गरमी की छुट्टियों में कहां गई थी? | नानी के यहां |
| 2 | अदिति को नानी के यहां से वापस लाने कौन गया है? | अदिति के पिता जी |
| 3 | नानी ने किसमें कुछ बांधकर रखा है? | टोकरी में |
| 4 | अदिति ने पूंछा नानी जी टोकरी में क्या है? | तुम स्वयं अनुमान लगाओ कि टोकरी में क्या हो सकता है। |
| 5 | अदिति ने नानी से कहा या तो इसमें मिठाई है या तो फल तो नानी ने क्या बताया? | फल है |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | अदिति ने कहा फिर तो इसमें सेव होंगे तो नानी ने क्या कहा? | नहीं सेब नहीं है, फिर से सोचो। |
| 7 | अदिति ने पूँछा नानी यह तो बताओ फल छोटे पौधे पर लगता है या पेड़ पर तो नानी ने क्या कहा? | पेड़ पर |
| 8 | अदिति ने कहा तब तो यह नारंगी है इस पर नानी ने क्या कहा? | नारंगी भी नहीं है। |
| 9 | अदिति ने पूंछा अच्छा यह पीला है या लाल तो नानी ने क्या कहा? | पीला है। |
| 10 | अदिति ने कहा तब यह आम होगा तो नानी ने क्या कहा? | ना, ना, आम भी नहीं है |
| 11 | अतिदि ने पूंछा अच्छा इसकी आकृति कैसी है? तो नानी ने क्या बताया? | गोल |
| 12 | अदिति ने कहा तब अमरूद होगा तो नानी ने क्या कहा? | नहीं, अमरूद नहीं है। |
| 13 | अदिति ने कहा अच्छा यह स्वाद में कैसा है, मीठा, खट्टा या कसैला तो नानी ने क्या बताया था? | खट्टा |
| 14 | अदिति ने कहा तब तो यह जरूर माल्टा होगा तब नानी ने क्या कहा? | नहीं बिटिया थोडा प्रयास और करो |
| 15 | अदिति ने कहा अच्छा नानी बताओ यह फल किस काम आता है तो नानी ने क्या बताया? | यह अचार और शरबत बनाने के काम आता है। |
| 16 | अदिति ने कहा नानी अब मैं जान गई कि यह नींबू है तो नानी ने क्या कहा? | शाबाश |
| | पाठ–9 ग्राम श्री | |
| 1 | ग्राम श्री पाठ को किससे लिखा? | सुमित्रा नंदन पंत |
| 2 | प्रकृति का सुकुमार कवि किसे कहा जाता है? | सुमित्रा नंदन पंत को |
| 3 | सुमित्रा नंदन पंत का जन्म कहां हुआ? | उत्तराखंड राज्य के कौसनी (अल्मोड़ा) में। |
| 4 | लोकायतन, चिदंबरा, ग्राम्या, ग्रंधि, प्रल्लन जिसकी प्रमुख रचनायें है? | सुमित्रा नन्दन तंत की |
| 5 | आम्र तरू का क्या अर्थ है। | आम के वृक्ष |
| 6 | दाड़िम का क्या अर्थ है? | अनार |
| 7 | मुकुलित का क्या अर्थ है? | अधखिली |
| 8 | अंवली का क्या अर्थ है? | छोटा आंवला |
| 9 | आम में बौर कब आते हैं। | बसंत ऋतु में |
| 10 | खेतों में कैसी हरियाली फैली है? | मखमल की तरह |
| 11 | कोयल किस ऋतु में मतवाली होकर कुहुकती है। | बसंत ऋतु में। |
| | पाठ–10 नन्ही राज कुमारी और चंद्रमा | |
| 1 | चटनी खाकर कौन बीमार हो गया? | नन्ही राज कुमारी |
| 2 | राजा ने राज कुमारी से पूंछा बताओ तुम्हें क्या चाहिए? राज कुमारी ने क्या मांगा? | चन्द्रमा |
| 3 | राज कुमारी के लिए चन्द्रमा लाने के लिए क्रमशः कौन कौन आये? | मंत्री, जादूगर, गणितज्ञ, विदूषक |
| 4 | विदूषक ने राजकुमारी से पूंछा चन्द्रमा कितना बड़ा है। | चन्द्रमा मेरे नाखून से जरा सा छोटा होगा |
| 5 | चन्द्रमा किस धातु का बना होगा विदूषक ने राज कुमारी से पूंछा? | सोने का |
| 6 | पृथ्वी का इकलौता प्राकृतिक उपग्रह हौन है? | चन्द्रमा |
| 7 | चन्द्रमा पृथ्वी से कितनी दूर है? | 384400 किमी0 |

| | | |
|---|---|---|
| 8 | प्रख्यात अमेरिकन लेखक जेम्स थर्बर की कहानी 'मैनी मून्स' का हिन्दी रूपांतर कौन सा पाठ है? | नन्दी राज कुमारी और चन्द्रमा |
| 9 | लबादा का क्या अर्थ है? | भारी और लंबा पहनावा |
| 10 | 'आग बबूला होना' मुहावरे का क्या अर्थ है? | अत्यधिक क्रोधित होना। |
| | पाठ–11 बाल गंगा धर तिलक | |
| 1 | एक बार कक्षा में बाल गंगा धर तिलक से गणित के प्रश्नों के बारे में पूंछा कि प्रश्न कहां हल किये हो तो तिलक ने क्या उत्तर दिया? | मस्तिष्क में |
| 2 | बाल गंगाधर तिलक की प्रतिभा कैसी थी? | अद्भुत प्रतिभा |
| 3 | बाल गंगाधर तिलक का जन्म कब हुआ? | 23 जुलाई सन् 1856 ई0 को |
| 4 | बाल गंगाधर तिलक का जन्म कहां हुआ? | महाराष्ट्र राज्य में कोंकण जिले के रत्नागिरि नामक स्थान में। |
| 5 | बाल गंगाधर तिलक के पिता जी का क्या नाम था? | गंगाधर राव |
| 6 | बाल गंगाधर तिलक की माता जी का क्या नाम था? | पार्वती बाई |
| 7 | बाल गंगाधर तिलक के बचपन का क्या नाम था? | केशव |
| 8 | छोटा होने के कारण घर में लोग इन्हें क्या कहकर पुकारते थे। | 'बाल' कहकर |
| 9 | बाल गंगाधर तिलक के प्रिय विषर्य क्या थे? | गणित, इतिहास, संस्कृत |
| 10 | बाल गंगाधर तिलक का विवाह किसके साथ हुआ। | सत्यभामा बाई |
| 11 | तिलक स्वतंत्रता का आधार किसे मानते थे? | शिक्षा को |
| 12 | बाल गंगाधर तिलक ने कौन–कौन से समाचार पत्र निकाले? | 'केसरी और मराठा' |
| 13 | बाल गंगाधर तिलक के कार्यों और विचारों के कारण सब लोग इनका आदर करने लगे, जिससे इनके नाम के आगे कौन सा शब्द प्रचलित हो गया? | 'लोकमान्य' |
| 14 | स्वास्थ्य हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है और उसे लेकर रहेंगे 'यह किसका नारा था? | बाल गंगाधर तिलक का |
| 15 | 1908 में ब्रिटिश सरकार ने तिलक पर राज द्रोह का मुकदमा चलाया और 6 वर्ष की सजा देकर किस जेल में डाल दिया? | मॉडले (म्यॉमार) |
| 16 | जेल में तिलक ने कौन–कौन सी पुस्तकें लिखीं? | 'गीता रहस्य' ओरियन, आर्कटिक होम इन वेदाज |
| 17 | छः वर्ष की सजा पूरी कर जेल से बाहर कब आये? | 1914 में |
| 18 | बाल गंगाधर तिलक की मृत्यु कब हुई? | 1 अगस्त 1920 |
| 19 | शिक्षक का स्त्रीलिंग शब्द क्या होगा? | शिक्षिका |
| 20 | नायक का स्त्रीलिंग शब्द क्या होगा? | नायिका |
| | पाठ–12 भक्ति नीति–माधुरी | |
| 1 | कबीरदास की रचनायें किन तीन रूपों में मिलती है? | साखी, सबद, रमैनी |
| 2 | कबीरदास का दृष्टिकोण कैसा था? | मानवतावादी |
| 3 | बिसाल का तत्सम शब्द क्या होग? | विशाल |
| 4 | रहीम का पूरा नाम क्या था? | अब्दुर्रहीम खान खाना |
| 5 | 'रहीम दोहावली', रहीम सतसई किसकी प्रसिद्ध रचनाएं है। | रहीमदास |
| 6 | सूरजदास का जन्म कहां हुआ? | आगरा से मथुरा जाने वाली सड़क के किनारे रूनकता नामक गांव में। |

शिक्षा का उत्थान शिक्षक का सम्मान
मिशन शिक्षण संवाद

| | | |
|---|---|---|
| 7 | 'सूर सागर' किस कवि का प्रसिद्ध महाकाव्य है? | सूरदास |
| 8 | भुजंग का क्या अर्थ है? | सर्प |
| 9 | पचि–पचि का क्या अर्थ है। | बार–बार |
| 10 | ऐसे शब्द जो संस्कृत से बदले रूप में हिंदी में आए है क्या कहलाते हैं? | तद्भवशब्द |
| 11 | संस्कृत भाषा से मूल रूप में हिंदी में आस षब्दों को क्या कहते हैं? | तत्सम षब्द |
| 12 | छिमा का तत्सम षब्द क्या होगा? | क्षमा |
| 13 | जहां ज्ञान वह धर्म है, जहां झूठ तहं पाप यह पंक्ति किसकी है। | कबीरदास |
| 14 | बिगरी बात बनै नहीं, लाख करैकिन कोय यह पंक्ति किस कवि की है? | रहीमदास |
| 15 | अकबर के नवरत्नों में से एक थे कबीरदास, रहीमदास या सूरदास | रहीमदास |
| 16 | मैया कबहिं ब ढैगी चोटी उक्त पंक्ति किस कवि की है। | सूरदास |
| | पाठ–13 हौसला | |
| 1 | माइकल का दाखिला कब हुआ? | 15 जुलाई सन् 1979 |
| 2 | कुछ ही दिनों में अपने व्यवहार और प्रतिभा के बल पर कौन आंखों का तारा हो गया? | माइकल |
| 3 | प्रधानाचार्य जी ने राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिता में किसका नाम भेजा? | माइकल और लेखक का |
| 4 | राष्ट्रस्तर की प्रतियोगिता कहां होनी थी? | चेन्नई में |
| 5 | माइकल और लेखक के साथ जाने वाली शिक्षिका का क्या नाम था? | मंजीत |
| 6 | माइकल को स्वर्णपदक किस में मिला? | संगीत में |
| 7 | लेखक को स्वर्णपदक किस क्षेत्र में मिला? | भाषण में |
| 8 | लाल बत्ती न देखने के कारण चौराहा क्रास करते समय कौन वाहन की चपेट में आ गया? | माइकल |
| 9 | माइकल को चोट में कौन सा अंग गंवाना पड़ा? | दोनों पैर |
| 10 | शिक्षा पूरी करने के बाद लेखक क्या बन गया? | शिक्षक |
| 11 | प्रतियोगिता में जिस महान संगीतज्ञ के द्वारा उद्घाटन किया गया वह कौन था? | माइकल |
| 12 | माइकल मंच पर कैसे आया? | व्हील चेयर पर बैठकर |
| 13 | माइकल और लेखक किस तरह से एक दूसरे से मिले? | गले लगाकर |
| 14 | माइकल की टाँगे गंवाने पर उसे हताशा से किसने उबारा? | माइकल की दीदी ने |
| 15 | संगति का स्कूल कौन चलाता है। | माइकल |
| 16 | बच्चों से यह बात किसने कही कि अगर आप में हिम्मत है, हौसला है तो आपको अपना लक्ष्य प्राप्त होकर रहेगा। | माइकल ने |
| 17 | प्रतिद्वंदी का क्या अर्थ होता है? | मुकाबला करने वाला |
| 18 | 'आंखों का तारा होना' मुहावरे का क्या अर्थ है। | अत्यधिक प्रिय होना |
| 19 | दिव्यांगों को विकास की मुख्य धारा में शामिल करने के उद्देश्य से दिव्यांगजन अधिकार विधेयक 2016 कब पारित किया गया। | 16 दिसम्बर 2016 |
| 20 | चार पहिया वाहन चलाते समय क्या पहनना चाहिए? | सीट बेल्ट |
| 21 | दोपहिया वाहन चलाते समय क्या पहनना चाहिए? | हेल्मेट |
| 22 | 'रंग में भंग पड़ना' मुहावरे का क्या अर्थ है? | कार्य में बाधा पड़ना |
| | पाठ–14 ओणम | |
| 1 | 'त्यौहारों का देश' किसे कहा जाता है। | भारत को |
| 2 | 'ओणम' कहां का प्रमुख त्योहार है। | केरल राज्य का |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 'ओणम' त्योहार कब मनाया जाता है। | श्रावण मास में |
| 4 | केरल की भाषा क्या है। | मलयालम |
| 5 | मलयालम में श्रावण मास को क्या कहते हैं। | 'चिंगमासम' |
| 6 | ओणम के साथ किस राजा की पौराणिक कथा जुड़ी है। | महाबलि |
| 7 | प्राचीन काल में महाबलि नाम के राजा कहां राज्य करते थे? | केरल में |
| 8 | किसने महाबलि से दान में संपूर्ण पृथ्वी और आकाश मांग लिया? | भगवान विष्णु ने वामन रूप धारण कर |
| 9 | केरल वासियों के दृढविश्वास के अनुसार महाबलि किस दिन प्रत्येक वर्ष केरल राज्य में आते हैं? | तिरूओणम के दिन |
| 10 | 'ओणम' कितने दिन तक मनाया जाता है? | पांच दिन तक |
| 11 | सब घरों के आंगन रंग–बिरंगे फूलों की गोलाकार आकृतियों से सजाए जाते हैं इसे क्या कहते हैं? | पूक्कलम |
| 12 | ओणम का दूसरा दिन क्या कहलाता है। | तिरूओणम |
| 13 | मध्याह्न काल में सभी एक साथ बैठकर किस पर भोजन करते हैं? | केले के पत्ते पर |
| 14 | केरल की मुख्य उपज क्या है। | धान, नारियल, केला |
| 15 | ओणम के अवसर पर बालिकाएं और स्त्रियां ताली बजाते हुए समूह में मन मोहक नृत्य करती हैं इसे क्या कहते हैं। | कैकोट्टिकली |
| 16 | ओणम के अवसर पर समुद्र में कौन सा खेल सर्वाधिक आकर्षण का केन्द्र होता है। | नौका दौड़ |
| 17 | कलारी अथवा कलारी पयद्दू क्या है? | बहुत प्राचीन आत्मरक्षा कला |
| | पाठ–15 वीर अभिमन्यु | |
| 1 | चक्रव्यूह की रचना किसने की? | गुरू द्रोणाचार्य ने |
| 2 | आप इस तरह सोंच में क्यों डूबे हैं तात श्री! युद्ध के क्या समाचार हैं? यह किसने किससे पूंछा? | अभिमन्यु ने महाराज युधिष्ठिर से पूंछा |
| 3 | चक्रव्यूह तोड़ने की सामर्थ्य किसमें थी? | केवल अर्जुन में |
| 4 | चक्रव्यूह में कितने द्वार होते हैं। | सात |
| 5 | अभिमन्यु ने चक्रव्यूह भेदने की विद्या कब सीखी? | मां के गर्भ में जब पिता जी मां को चक्रव्यूह भेदने का वर्णन कर रहे थे। |
| 6 | अभिमन्यु किस द्वार को भेदने की विधि नहीं सीख पाये थे? | अन्तिम द्वार |
| 7 | चक्रव्यूह के अंतिम द्वार को तो मैं अपनी गदा से तोड़ दूंगा–किसने कहा? | भीम नें |
| 8 | चक्रव्यूह के प्रथम द्वार पर कौन खड़ा था? | गुरू द्रोणााचार्य |
| 9 | चक्रव्यूह के प्रथम द्वार को बाणों की बौछार से किसने तोड़ दिया? | वीर अभिमन्यु ने |
| 10 | द्रोणाचार्य के रथ को उठाकर घोड़ों समेत आकाश में किसने फेंक दिया? | भीम ने |
| 11 | चक्रव्यूह के अगले द्वार पर कौन था? | जयद्रथ |
| 12 | अभिमन्यु द्वारा दूसरा द्वार तोड देने के बाद भीम और अन्य पांडव वीरों को आगे बढ़ने से किसने रोक दिया? | जयद्रथ ने |
| 13 | द्रयोधन के कहने पर कौरव सेना के कितने महारथियों ने अभिमन्यु को चारो ओर से घेर लिया? | सात महारथियों नें |

| | | |
|---|---|---|
| 14 | गुरूवर, आपके होते हुए कैसी अनीति है। यह युद्ध का नियम नहीं है, जिसमें निहत्थे पर वार होता है। किसने किससे कहा? | अभिमन्यु ने गुरू द्रोणाचार्य से |
| 15 | अभिमन्यु के सिर पर गदा से वार किसने किया? | दुःशासन के पुत्र ने |
| 16 | 'सारथी' का क्या अर्थ होता है? | रथ हांकने वाला |
| 17 | 'वन में वास' के लिए सामाजिक पद क्या होगा। | वनवास |
| 18 | 'माता औ पिता' के लिए सामासिक पद होगा क्या होगा? | माता–पिता |
| पाठ–16 बच्चों का पूछताछ केन्द्र | | |
| 1 | लकड़ी की एक छोटी सी दुकान कहां थी? | सड़क के नुक्कड़ पर |
| 2 | दुकान पर क्या लिखा था? | पूँछताछ केन्द्र |
| 3 | पूंछताछ केन्द्र पर कौन बैठता था? | एक महिला |
| 4 | एक दिन एक लड़की ने खाली दुकान देखते ही पूंछतांछ केन्द्र के ऊपर कौन सा षब्द लिख दिया? | 'बच्चों का' |
| 5 | उस लड़की का क्या नाम था? | चीची |
| 6 | सबसे पहले बच्चों के पूछतांछ केन्द्र को किसने देखा? | दो जुड़वां भाइयों ने |
| 7 | अगर कोई पिता जी की घड़ी से खेल रहा हो और वह गिरकर टूट जाये तो क्या करना चाहिए। यह प्रश्न चीची से किसने पूंछा। | दो जुड़वा भाइयों नें |
| 8 | पिता जी से पूंछना चाहिए कि जब घड़ी नहीं थी तब लोग समय कैसे मालूम करते थे। यह उत्तर चीची ने किसे दिया? | दो जुड़वा भाइयों को |
| 9 | दो जुड़वा भाइयों के बाद बच्चों के पूंछतांछ केन्द्र पर कौन आया? | सुनहरे बालों वाला एक बच्चा |
| 10 | सुनहरे बालों वाले बच्चे ने क्या पूंछा? | खरगोश किस तरह चिल्लाते हैं। |
| 11 | खरगोश बिल्कुल नहीं चिल्लाते है वे धीरे–धीरे बात चीत किया करते हैं। चीची ने यह जवाब किसे दिया? | सुनहरे बाल वाले बच्चे को |
| 12 | दीदी जब रेलगाड़ी आती है तो सड़क का फाटक बंद क्यों कर दिया जाता है यह प्रश्न किसने पूंछा? | बडी–बडी आंखों वाले गोलू ने |
| 13 | जिससे रेलगाड़ी सड़क पर न आ जायें चीची ने यह उत्तर किसे दिया? | गोलू को |
| 14 | क्या तुम तरबूज को एक ही बार में दांत से काट सकती हो? यह प्रश्न चीची से किसने पूंछा? | पहलवान सा दिखने वाला लड़का |
| 15 | 'हा' में काट सकती हूं' यह उत्तर चीची ने किसे दिया? | पहलवान सा दिखने वाले लड़के को। |
| 16 | शर्त लगा लो तुम नहीं काट सकती। किसने कहा? | लड़के ने चीची से कहा |
| 17 | चीची ने पूंछताछ केन्द्र पर एक कागज में क्या लिखकर चिपका दिया? | 'पूंछताछ केन्द्र शर्त लगाने के लिए बंद है।'' |
| 18 | पुलिस हेल्पलाइन नम्बर क्या है? | 100 |
| 19 | फायर बिग्रेड हेल्पलाइन नंबर क्या है? | 101 |
| 20 | चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर क्या है? | 1091 |
| पाठ–17 टेसू राजा | | |
| 1 | 'टेसू राजा' पाठ के रचयिता कौन है। | रामधारी सिंह दिनकर |
| 2 | रामधारी सिंह दिनकर का जन्म कहां हुआ? | बिहार प्रान्त के बेगूसरायं जिले में |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | कुरूक्षेत्र, रश्मिरथी, उर्वशी, हुंकार संस्कृति के चार अध्यक्ष किसकी प्रमुख रचना है? | रामधारी सिंह दिनकर |
| 4 | टेसू राजा क्या मांग रहे हैं? | दही बड़े |
| 5 | दही बड़े किस दाल के बनाये जाते हैं। | उड़द की दाल |
| 6 | दही बड़े किस आकार के होते है। | गोल |
| 7 | 'अड़े' के दो तुकांत शब्द बनाइये। | बड़े, खडे |
| 8 | उगाऊँ के दो तुकांत शब्द बलाइये। | बनाऊँ, खिलवाऊँ |
| | पाठ–18 मोहम्मद साहब | |
| 1 | हज़रत मोहम्मद साहब का जन्म कहां हुआ? | मक्का में (अरब का प्रसिद्ध नगर) |
| 2 | मोहम्मद साहब की माता जी का क्या नाम था? | आमिना |
| 3 | मोहम्मद साहब के पिता जी का क्या नाम था? | अब्दुल्लाह |
| 4 | मोहम्मद साहब के पिता जी का निधन कब हुआ? | जन्म से दो माह पूर्व |
| 5 | मोहम्मद साहब की माता का निधन कब हुआ? | मोहम्मद साहब की 6 वर्ष की अवस्था में। |
| 6 | माता के देहांत के बाद मोहम्मद साहब का लालन–पालन किसने किया? | दादा अब्दुल मुत्तलिब और चाचा अबू तालिब |
| 7 | कौन सी गुफा में जाकर मोहम्मद साहब चिंतन किया करते थे? | 'हिरा' नाम की गुफा |
| 8 | मक्का वालों के लगातार विरोध के बाद मोहम्मद साहब ने कहां जाने का निश्चय किया। | 'मदीना' |
| 9 | मोहम्मद साहब किसके साथ–मदीना चल दिए? | अपने मित्र अबूबक्र |
| 10 | जब मोहम्मद साहब के विरोधी उन्हें ढूंढते गुफा के पास पहुंचे तब गुफा के द्वार पर क्या पाया? | मकड़ी का जाला तना हुआ। |
| 11 | गुफा के द्वार पर मकड़ी का जाला लगा होने से मोहम्मद साहब के विरोधियों ने क्या समझा? | गुफा में कोई नहीं है। |
| 12 | मोहम्मद साहब गुफा में कितने दिन रहे? | तीन दिन |
| 13 | मक्का से मदीना की यात्रा क्या कहलाती है? | हिजरत |
| 14 | मोहम्मद साहब ने जो मस्जिद बनवाई वह बाद में किस नाम से प्रसिद्ध हुई? | मस्जिद–ए–नबी |
| 15 | 'मक्का वालों नेकी के रास्ते पर चलो यह किसने कहा? | मोहम्मद साहब |
| 16 | मोहम्मद साहब के संदेश किस किताब में संकलित है? | हदीस की किताब |
| 17 | ईश्वर एक है और वह एकता को पसंद करता है किसका ध्येय वाक्य है। | हजरत मोहम्मद साहब |
| 18 | 'जन्नत' का क्या अर्थ है। | स्वर्ग |
| 19 | 'शांति' का विलोम शब्द क्या होगा? | अशांति |
| 20 | अकड़ दिखाना' मुहावरे का क्या अर्थ है। | घमंड करना |
| | पाठ–19 श्रुति की समझदारी | |
| 1 | श्रुति हमेशा किस श्रेणी में उत्तीर्ण होती थी? | प्रथम श्रेणी में |
| 2 | श्रुति के पिता किस विभाग में अधिकारी थे? | पुलिस विभाग में |
| 3 | श्रुति के पिता कहां रहते थे? | किराए के मकान में |
| 4 | पास में झुग्गी–झोपड़ी में रहने वाले अधिकांश लोग क्या करते थे। | मजदूरी |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | झुग्गी झोपड़ी की एक औरत श्रुति के घर में काम करने आती थी। उसकी बेटी | अंजू |
| 6 | अंजू की उम्र क्या थी? | 10 वर्ष |
| 7 | अंजू तुम स्कूल क्यों नहीं जाती हो? यह प्रश्न अंजू से किसने पूंछा? | श्रुति नें |
| 8 | हमारे पास इतने पैसे नहीं है कि मा–बापू मुझे स्कूल भेज सके। किसने किससे कहा? | अंजू ने श्रुति से कहा |
| 9 | अधिकतर बच्चे कहां काम करते हैं। | पटाखे बनाने के कारखाने में |
| 10 | फैक्ट्री में विस्फोट हो जाने के कारण कौन बच्चे अपंग हो गये थे? | सोफिया और राजन |
| 11 | पापा जी! आप मेरे लिए एक काम करेंगे? किसने किससे कहा? | श्रुति ने अपने पापा से कहा |
| 12 | फैक्ट्री पर छाया मार कर वहां काम कर रहे सभी बच्चों का किसने मुक्त कराया? | श्रुति के पापा ने |
| 13 | फैक्ट्री मालिक पर किस की कानून के उल्लंघन में कार्यवाही कराई? | बाल श्रम कानून के उल्लंघन में। |
| 14 | समीप के सरकारी स्कूल में सभी बच्चों का दाखिला किसने कराया? | श्रुति के पापा ने |
| 15 | जोखिम का अर्थ क्या होता है। | खतरा |
| 16 | श्रुति की खुशी का ठिकाना न रहा क्यों? | क्योंकि उसकी प्यारी सहेली अंजू स्कूल जाने लगी। |
| 17 | शिक्षा का अधिकार अधिनियम–2009 पूरे देश में कब से लागू है। | 17 अप्रैल 2010 से |
| | पाठ–20 चाचा का पत्र | |
| 1 | 'चाचा का पत्र' यह पत्र किसने लिखा था? | पं0 जवाहर लाल नेहरू |
| 2 | पं0 जवाहर लाल नेहरू ने पत्र किसे लिखा? | देश के बच्चों को |
| 3 | किसे देखकर जवाहर लाल नेहरू अपना बुढापा भूल जाते हैं? | बच्चों को देखकर |
| 4 | किस देश के बच्चों ने चाचा नेहरू से हाथी मांगा? | जापान के बच्चों ने |
| 5 | चाचा नेहरू ने जो हाथी आपान भेजा था वह कहां का था? | मैसूर का |
| 6 | महात्मा गांधी को हम सब प्यार से क्या कहते हैं? | 'बापू जी' |
| 7 | उन्नति का क्या अर्थ होता है? | तरक्की या प्रगति |
| 8 | पिन कोड नंबर कितने अंकों का होता है। | 6 अंकों का |
| | पाठ–21 सबसे उजला | |
| 1 | क्या आप बता सकते हैं? कि दुनिया में सबसे उजला क्या है? यह प्रश्न किसने किससे किया? | अकबर ने दरबारियों से |
| 2 | एक दरबारी ने कहा दुनिया में सबसे उजली वस्तु रूई है तो दूसरे ने क्या बताया? | दूध |
| 3 | बीरबल ने दुनिया में सबसे उजला किसे बताया? | प्रकाश |
| 4 | इकबर किसके कहने पर कपडा बांध कर सो गए? | बीरबल के कहने पर |
| 5 | अकबर के सो जाने पर बीरबल ने कमरे में दरवाजे के पास किसका ढेर लगा दिया? | रूई का ढेर |
| 6 | रूई के ढेर के पास क्या रख दिया बीरबल नें? | पतीली में दूध भर कर |
| 7 | अन्त में अकबर ने दुनिया में सबसे अधिक उजला किसे माना? | प्रकाश को |
| 8 | विश्वास का क्या अर्थ होता है? | भरोसा |